877(E)
05/02/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 4/02/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, ढ़ाका के अन्तर्गत Widening & Strengthening work of Madhuban Dakbangla Road in Km. 0.00 to 1.80 Km. (Total Length-1.80 Km.) for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–3366 दिनांक–07.11.2025 के माध्यम से प्राप्त दिनांक–07.11.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं एवं विभागीय पत्रांक–8471(E)We दिनांक–18.12.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–14(अनु०) दिनांक–05.01.2026 द्वारा समर्पित वांछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विवरणी निम्नवत् हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening work of Madhuban Dakbangla Road in Km. 0.00 to 1.80 Km. (Total Length-1.80 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, ढ़ाका। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹742.04 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–5800(S) दिनांक–01.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹680.75 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2204(अनु०) दिनांक–14.07.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹657.88087 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 06 (Six) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 13.10.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 01 (एक) अदद यथाः–<br>(i) M/s Banshidhar Construction Pvt. Ltd. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.11 | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग | : | मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–3366 दिनांक–07.11.2025 |
| 2.12 | परिवाद की स्थिति | : | परिवाद प्राप्त नहीं है। |
| 2.13 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। प्रथम बार की निविदा में एकल निविदाकार के सफल होने के फलस्वरूप बिहार लोक निर्माण संहिता–163 के आलोक में विभागीय ज्ञापांक–6576(E) दिनांक–24.09.2025 द्वारा लिये गये निर्णय के तहत् निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित किया गया। |

3. विभागीय पत्रांक–8471(E) दिनांक–18.12.2025 द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में कहना है कि निविदाकार द्वारा प्राप्त निविदा में स्वहस्ताक्षरित Existing Commitment समर्पित किया गया है। विभागीय पत्रांक–6158(S) दिनांक–09.07.2014 के आलोक में Bid Capacity द्वितीय प्रक्रम में है। अतः इस विभागीय पत्र एवं SBD के ITB-Cl.22.4 के आलोक में निविदाकारों द्वारा दर्शाये गये Existing Commitment का संबंधित Engineer-in-Charge से प्रमाण–पत्र की माँग उपभागीय पत्रांक–3812 दिनांक–22.12.2025 एवं पत्रांक–3919 दिनांक–31.12.2025 से की गई है। संबंधित Engineer-in-Charge से प्राप्त प्रतिवेदन संलग्न किया जा रहा है। साथ ही विभागीय प्रासंगिक पत्र से वांछित अन्य अभिलेख/कागजात संलग्न कर अग्रेत्तर हेतु समर्पित की जाती है।

4. अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मोतिहारी के पत्रांक–1392(अनु०) दिनांक–17.10.2025 से उक्त पुनर्निविदा का तकनीकी बीड प्राप्त हुआ है।

इस पुनर्निविदा में एकल निविदाकार द्वारा भाग लिया गया है। निविदाकार द्वारा निविदा के साथ वांछित अग्रधन की राशि जमा किया गया है, जिसका सत्यापन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, ढ़ाका द्वारा करा लिया गया है।

जाँचोपरान्त पाया गया कि एकल निविदाकार यथा M/s Banshidhar Construction Pvt. Ltd. निविदा की वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करते है।

5. **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–</u>**

5.1 पथ प्रमंडल, ढ़ाका के अन्तर्गत Widening & Strengthening work of Madhuban Dakbangla Road in Km. 0.00 to 1.80 Km. (Total Length-1.80 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा में एकल निविदाकार यथा M/s Banshidhar Construction Pvt. Ltd. निविदा की वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करते है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

5.2 उक्त पुनर्निविदा में एकल निविदाकार M/s Banshidhar Construction Pvt. Ltd. के सफल होने के फलस्वरूप बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम–163 के आलोक में विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

6. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

6.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–3366 दिनांक–07.11.2025 से प्राप्त दिनांक–07.11.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित की गई सूचनाओं एवं विभागीय पत्रांक–8471(E)We दिनांक–18.12.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–14(अनु०) दिनांक–05.01.2026 द्वारा समर्पित वांछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन निम्नवत् है :–

6.2 पथ प्रमंडल, ढ़ाका के अन्तर्गत Widening & Strengthening work of Madhuban Dakbangla Road in Km. 0.00 to 1.80 Km. (Total Length-1.80 Km.) for the year 2025-26 कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में प्राप्त एकल निविदाकार यथा M/s Banshidhar Construction Pvt. Ltd. को निविदा की वांछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम–163(3) के तहत् पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

6.3 विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरान्त वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी निविदा निष्पादनार्थ विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया जाता है। बशर्ते उक्त विभागीय निदेश के अनुसार निर्धारित अवधि दो दिनों में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरान्त ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

6.4 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 04/02/26 | 04/02/26 | 04/2/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांक: प्र0–7/निविदा–03–133/2025 877 (E) पटना, दिनांक 05/02/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

04/2/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।